दिन– बुधवार दिनांक– 23 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में कई पर्यटक हताहत। मृतकों में रोहतास निवासी आईबी अफसर भी शामिल। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमले की निंदा की।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज पटना में जेपी गंगा पथ पर भारतीय वायु सेना के एयरोबेटिक एयर– शो का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे।

03. प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास और लोगों की आवश्यकताओं को जानने के लिए पच्चीस अप्रैल से शुरू होगा आपका शहर– आपकी बात कार्यक्रम।

04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल और जहानाबाद जिले में लू की चेतावनी जारी की।

---

जम्मू–कश्मीर में कल दोपहर अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके में आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह पर हमला किया। यह हमला श्रीनगर से करीब पचासी किलोमीटर दूर पहलगाम के बैसरन वन क्षेत्र में हुआ। हमले में कई पर्यटकों की मौत की खबर है। मृतकों में बिहार के रोहतास के अकोढ़ी गोला निवासी आईबी अधिकारी मनीष रंजन भी शामिल हैं। वे आईबी के हैदाराबाद कार्यालय में पदस्थापित थे। इधर, हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने कल ही श्रीनगर पहुंचकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस घटना के बाद अपना सउदी अरब दौरा बीच में ही छोड़कर दिल्ली लौट आए हैं। उन्होंने आज सुबह नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव बिक्रम मिस्त्री और अन्य अधिकारियों के साथ संक्षिप्त बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री का आज पहलगाम जाने का कार्यक्रम है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहलगाम आतंकी हमले में मासूम पर्यटकों की हत्या की कड़ी निन्दा की है। राज्यपाल ने इस घटना पर गहरी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने इस आतंकी हमले को कायरतापूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने निर्दोष नागरिकों की हत्या पर गहरा दुख प्रकट किया है।

---

प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास और लोगों की आवश्यकताओं को जानने के लिए पच्चीस अप्रैल से आपका शहर– आपकी बात कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसका आयोजन नगर विकास और आवास विभाग की ओर से किया जाएगा। कल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम की तैयाारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय सचिव अरूण कुमार सिंह ने बताया कि नब्बे नगर निकायों के एक हजार छह सौ नौ वार्ड में कुल दो हजार चार सौ इक्यानवे कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन और नगर निकायों के अधिकारी आम लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं को जानेंगे। आम लोगों से मिले सुझाव के आधार पर विकास योजनाओं का निर्धारण किया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के बख्तियारपुर में गंगा नदी की पुरानी धारा को बरसात से पहले पुनर्जीवित करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। बख्तियारपुर में घन सुरपुर घाट से देदौर घाट तक चल रही विकास परियोजना की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

---

पटना में जेपी गंगा पथ पर भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम एयरोबेटिक एयर–शो के दूसरे और अंतिम दिन आज शानदार और हैरतअंगेज प्रदर्शन करेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एयर–शो का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस एयर शो के दौरान दर्शक नौ ट्रेनर जेट विमानों के हवाई करतब और कलाबाजी देखेंगे। इस दौरान पैराग्लाइडिंग टीम भी अपने हैरतअंगेज हवाई करतबों और आसमान में गोते लगाकर लोगों को रोमांचित करेगी। यह कार्यक्रम अठारह सौ सत्तावन की क्रांति के महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के शौर्य दिवस विजयोत्सव के अवसर पर उनके

प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। बाबू कुंवर सिंह ने अपनी छोटी सी पलटन के साथ ब्रिटिश सेना को हराया था और बिहार के जगदीशपुर, आरा और दानापुर में उनके गढ़ और आधिपत्य वाले क्षेत्रों पर फिर से कब्जा कर लिया था।

---

मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने प्रदेश में अपराध नियंत्रण को लेकर आर्म्स लाईसेंस का सत्यापन, आर्म्स प्रतिष्ठानों का निरीक्षण और चरित्र प्रमाण पत्र सत्यापन के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। पटना में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने वैसे लोगों की जांच करने का निर्देश दिया, जो अधिक संख्या में गोली और कारतूस की खरीद कर रहे हैं।

---

पटना से जयनगर के बीच प्रस्तावित नमो भारत ट्रेन का ट्रायल पूरी तरह सफल रहा। ट्रायल के तहत कल शाम चार बजे यह ट्रेन पटना जंक्शन से रवाना हुई। फतुहा तक हुए ट्रायल के दौरान ट्रेन की गति से लेकर सुरक्षा और संरक्षा जैसे विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच की गई। आज इस ट्रेन का अंतिम परीक्षण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी कल मधुबनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

---

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा प्रखंड की मोतीपुर ग्राम पंचायत को क्लाईमेट एक्शन विशेष पंचायत पुरस्कार में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। पंचायतीराज मंत्रालय ने ये घोषणा की है। कल पंचायतीराज दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पंचायत को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि बच्चों में होने वाली गंभीर बीमारी खसरा और रूबेला का वर्ष दो हजार छब्बीस तक पूरी तरह उन्मूलन कर दिया जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शत–प्रतिशत बच्चों को खसरा–रूबेला के दोनों टीके लगाने का लक्ष्य है।

---

मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल और जहानाबाद जिले में लू की चेतावनी जारी की है। वहीं, पटना, गया, जहानाबाद और सारण जिले में कुछ स्थानों पर उष्ण और आर्द्र दिवस का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार कैमूर, रोहतास, बक्सर और औरंगाबाद जिले में आज गर्म रात रहने की चेतावनी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि पच्चीस अप्रैल तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी। इस अवधि में अधिकांश स्थानों के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है।

---बाइट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गया प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, रोहतास के डेहरी और बक्सर का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस, औरंगाबाद का इकतालीस दशमलव नौ, गोपालगंज का इकतालीस दशमलव दो और पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

भीषण गर्मी को देखते हुए राजगीर जू–सफारी और नेचर सफारी के समय में परिवर्तन किया गया है। जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम. ने बताया कि कल से जू–सफरी और नेचर सफारी सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक की जा सकती है।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज अठारह सौ सत्तावन के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह को उनके विजयोत्सव पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। राजकीय शोक होने के कारण इस बार विजयोत्सव पर किसी समारोह का आयोजन नहीं हो रहा है। अब बाबू वीर कुंवर सिंह के जगदीशपुर किला और आरा के वीर कुंवर सिंह पार्क में सिर्फ माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा है कि बाबू वीर कुंवर सिंह का अदम्य साहस और देशभक्ति की गाथा हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।

---

बहुजन समाज पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव में सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की है। पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक रामजी गौतम ने

पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि बसपा का किसी अन्य पार्टी से गठबंधन नहीं होगा।

---

वैशाली जिले के गंगाब्रिज थाना क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी सेतु के पूर्वी लेन के पाया नम्बर अठारह के पास एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार युवक और एक युवती की मौत हो गई। वहीं, रोहतास जिले के रानी तालाब थाना क्षेत्र के आजाद नगर गांव के पास एक हाईवा की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। दूसरी तरफ, समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र डढिया गांव में दो मोटरसाईकिल की बीच हुई टक्कर में तीन युवकों की मौत हो गई।

---

पटना वन प्रमंडल की टीम ने राजेन्द्र नगर से मॉनिटर छिपकली की हड्डियों और समुद्री कोरल के साथ एक वन्य जीव तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

गोपालगंज जिले के उचका गांव थाना के बंकीखाल गांव में करंट की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई।

---

नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक साईबर अपराधी गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

---

गया जिले के बांके बाजार थाना में पदस्थापित महिला दारोगा नेहा कुमारी को रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

बांका जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार से उनसठ किलो चांदी के साथ दो लोगों को हिरासत में लिया है।

---

मधुबनी जिले के दो ईनामी अपराधियों बॉबी मिश्रा और हैपी मिश्रा को एसटीएफ की टीम ने पटना के राजेन्द्र नगर टर्मिनल के पास से गिरफ्तार किया है।

---

पूर्वी चंपारण जिले के गोविन्दगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अरेराज–खजुरिया मुख्य मार्ग पर सलाहा चौक के पास पुलिस ने एक कंटेनर से तीन क्विंटल से अधिक गांजा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के टीको डीह गांव में आपसी विवाद को सुलझाने गयी पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस हमले में एक हवलदार घायल हो गए।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – हैवानियत– पहलगाम में आतंकियों ने पहचान पूछ–पूछ कर अट्ठाईस पर्यटकों को मारा।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – आक्रोशित मोदी और शाह ने दी अंजाम भुगतने की चेतावनी।

**प्रभात खबर** ने यूपीएससी परीक्षा परिणाम को पहले पन्ने पर प्रकाशित करते हुए लिखा है – सीतामढ़ी के राजकृष्ण को आठवां, बक्सर के हेमंत मिश्रा को तेरहवां और जमुई की संस्कृति को सत्रहवां रैंक।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – पटना के आसमान में गरजे सूर्य किरण विमान।

**राष्ट्रीय सहारा** और **आज अखबार** समेत सभी समाचार पत्रों ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में कई पर्यटक हताहत। मृतकों में रोहतास निवासी आईबी अफसर भी शामिल। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमले की निंदा की।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ आज पटना में जेपी गंगा पथ पर भारतीय वायु सेना के एयरोबेटिक एयर– शो का औपचारिक उद्घाटन करेंगे।

03. प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास और लोगों की आवश्यकताओं को जानने के लिए पच्चीस अप्रैल से शुरू होगा आपका शहर– आपकी बात कार्यक्रम।

04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, अरवल और जहानाबाद जिले में लू की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।